आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रखर और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। आज आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। मन की बात कार्यक्रम की यह एक सौ 18वीं कड़ी थी। नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कार्यरत बैंगलुरू के स्टार्ट–अप पिक्सल की प्रशंसा की जिसने देश के पहले निजी उपग्रह पुंज–फायरफ्लाई का सफल प्रक्षेपण किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सफलता आत्म–निर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह सफलता आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में भारत के अग्रणी स्थान को परिलक्षित करती है और अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की मजबूती और नवाचार को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों की ओर से वैज्ञानिकों, नवाचार से जुड़े लोगों और युवा उद्यमियों को शुभकामनाएं दीं।

मन की बात––2

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का एक असाधारण संगम है। उन्होंने कहा कि कुंभ विविधता में एकता का उत्सव है और इस बार संगम पर जनसैलाब उमड़ पड़ा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कुंभ के दौरान अमीर–गरीब सब एक होकर संगम में डुबकी लगाते हैं और इस प्रकार यह एकता का महाकुंभ है। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में बड़े पैमाने पर डिजिटल तकनीक का उपयोग हो रहा है और कुंभ की ये वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा प्रवास के दौरान नुरपूर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 31 करोड़ रुपये की सात विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें करीब 2 करोड़ रुपये से बने ज़िला फोरेंसिंक यूनिट का उद्घाटन भी शामिल है। उन्होंने दो करोड़ 84 लाख रुपये से निर्मित खजियां–हार सम्पर्क सड़क को भी लोगों को समर्पित किया।

इस बीच मुख्यमंत्री ने पौंग डैम और बाथू की लड़ी में प्राचीन मंदिरों का दौरा भी किया। उन्होंने वन विभाग को प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि साईबेरिया और मंगोलिया से आए प्रवासी पक्षी पौंग डैम में पर्यटकों का मुख्य आकर्षण होते हैं। उन्होंने बताया कि पौंग डैम के समीप क्षेत्रीय जल केंद्र में जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सीमेंट दाम

प्रदेश में सीमेंट के दामों में 5 रुपये प्रति बैग की वृद्धि हुई है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस वृद्धि को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमेंट के दामों में अंकुश लगाने पर नाकाम रही है और सीमेंट कंपनियां मनमर्जी से दाम बढ़ा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सीमेंट उत्पादक राज्य होने के बावजूद हिमाचल में पड़ौसी राज्यों की अपेक्षा सीमेंट महंगा है।

दूसरी ओर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सीमेंट कंपनियों पर केंद्र व राज्य सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमेंट कंपनियों से सिर्फ दाम न बढ़ाने का आग्रह कर सकती है। उद्योग मंत्री ने कहा कि इसमें सीमेंट कंपनियों से मिलीभगत जैसी कोई बात नहीं है।

विक्रमादित्य सिंह

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज सोलन नगर निगम क्षेत्र में सवा चार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें एम्बुलेंस मार्ग और जल भंडारण टैंक का उद्घाटन भी शामिल है। धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन शहर में पानी की समस्या दूर करने के लिए भी कार्य

किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ठेकेदारों की देनदारियों को सरकार चरणबद्ध ढंग से निपटा रही है और राज्य सरकार द्वारा जारी 80 करोड़ रुपये अगले कुछ दिनों में ठेकेदारों को मिल जाएंगे।

---